*DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO*

**T.B.C. : B-AYND-O-PAPA**

**Test Booklet Series**

S

**A**

# TEST BOOKLET

# GENERAL ABILITY, INTELLIGENCE AND PROFESSIONAL SKILLS

***Time Allowed : Two Hours and Thirty Minutes*** ***Maximum Marks : 300***

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET ***DOES NOT*** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **150** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet***. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. There is no negative marking for wrong answers.
11. This Test Booklet consists of **Two Parts. Part A** deals with **General Ability and Intelligence** and consists of **75** questions. **Part B** deals with **Professional Skills** and consists of **75** questions. All **150** questions are to be answered.

*DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO*

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

## PART A

1. A half railway ticket of any class costs half the full fare but the reservation charge is the same on the half ticket as on the full ticket. One reserved first class ticket for a journey between two stations is ₹ 362 ; and one full fare and one half fare reserved first class tickets cost ₹ 554. The reservation charge is

(a) ₹ 18

(b) ₹ 22

(c) ₹ 38

(d) ₹ 46

2. The average age of a husband and wife was 23 years when they were married 5 years ago. The average age of the husband, wife and a child who was born during the interval, is 20 years now. How old is the child now ?

(a) 1 year

(b) 2 years

(c) 3 years

(d) 4 years

3. If x men working x hours a day can do x units of work in x days, then y men working y hours a day would be able to complete how many units of work in y days ?

(a) $\frac{x^2}{y^3}$

(b) $\frac{x^3}{y^3}$

(c) $\frac{y^2}{x^3}$

(d) $\frac{y^3}{x^2}$

4. A man standing on the platform observes a train going in one direction takes 4 seconds to pass him. Another train of same length going in the opposite direction takes 5 seconds to pass him. The time taken by the two trains to cross each other will be

(a) 31/9 seconds

(b) 40/9 seconds

(c) 49/9 seconds

(d) 50/9 seconds

5. How many times will the digit 5 come in counting from 1 to 99 excluding those which are divisible by 3 ?

(a) 13

(b) 14

(c) 15

(d) 20

6. A man changes his car for a new one giving 20% more km per litre. Just then the fuel price is increased by 5%. If he drives the same distance in a given period, what happens to his fuel bill ?

(a) The bill stays the same

(b) The bill goes down by 12·5%

(c) The bill goes down by 15%

(d) The bill goes up by 5%

7. 40% of a Company's employees are women. Out of the men, 60% are of age more than 30 years. If there are 360 male employees below the age of 30, what is the total number of employees in the Company ?

(a) 1800

(b) 1500

(c) 1350

(d) 1200

## भाग A

1. किसी भी श्रेणी का एक आधा रेल टिकट पूरे किराए की आधी लागत का है किंतु आरक्षण प्रभार जितना पूरे टिकट पर है उतना ही आधे टिकट पर है । दो स्टेशनों के बीच यात्रा का प्रथम श्रेणी का एक आरक्षित टिकट ₹ 362 का है; और प्रथम श्रेणी के एक पूरे किराए के और एक आधे किराए के आरक्षित टिकटों की कुल लागत ₹ 554 है । आरक्षण प्रभार कितना है ?
   (a) ₹ 18
   (b) ₹ 22
   (c) ₹ 38
   (d) ₹ 46

2. पाँच वर्ष पूर्व, विवाह के समय पति और पत्नी की औसत आयु 23 वर्ष थी । अब पति, पत्नी और इस अन्तराल के दौरान पैदा हुए एक बच्चे की औसत आयु 20 वर्ष है । बच्चे की इस समय आयु क्या है ?
   (a) 1 वर्ष
   (b) 2 वर्ष
   (c) 3 वर्ष
   (d) 4 वर्ष

3. यदि x व्यक्ति प्रतिदिन x घंटे काम कर x दिनों में x इकाई काम करते हैं, तो y व्यक्ति प्रतिदिन y घंटे काम कर y दिनों में कितनी इकाई काम पूरा कर सकेंगे ?
   (a) $\frac{x^2}{y^3}$
   (b) $\frac{x^3}{y^3}$
   (c) $\frac{y^2}{x^3}$
   (d) $\frac{y^3}{x^2}$

4. प्लेटफॉर्म पर खड़ा कोई व्यक्ति यह देखता है कि कोई रेलगाड़ी एक दिशा में उसके पास से गुज़र जाने में 4 सेकण्ड लेती है । उतनी ही लम्बाई की कोई दूसरी रेलगाड़ी विपरीत दिशा में उसके पास से गुज़रने में 5 सेकण्ड लेती है । तो वे दोनों रेलगाड़ियाँ एक-दूसरे को पार करने में कितना समय लेंगी ?
   (a) 31/9 सेकण्ड
   (b) 40/9 सेकण्ड
   (c) 49/9 सेकण्ड
   (d) 50/9 सेकण्ड

5. 3 से विभाज्य संख्याओं को छोड़कर, 1 से 99 संख्याओं तक की गिनती में अंक 5 कितनी बार आएगा ?
   (a) 13
   (b) 14
   (c) 15
   (d) 20

6. कोई व्यक्ति अपनी कार बदल कर नई कार लेता है जो प्रति लीटर 20% अधिक किलोमीटर देती है । ठीक तभी ईंधन की कीमत 5% बढ़ जाती है । यदि किसी निश्चित अवधि में वह उतनी ही दूरी तक कार चलाए, तो उसके ईंधन के बिल पर क्या प्रभाव पड़ता है ?
   (a) बिल उतना ही रहता है
   (b) बिल 12·5% कम हो जाता है
   (c) बिल 15% कम हो जाता है
   (d) बिल 5% बढ़ जाता है

7. किसी कंपनी की 40% कर्मचारी महिलाएँ हैं । पुरुषों में से 60% पुरुषों की आयु 30 वर्ष से अधिक है । यदि उस कंपनी में 30 वर्ष से कम आयु के 360 पुरुष कर्मचारी हैं, तो कुल कर्मचारियों की संख्या क्या है ?
   (a) 1800
   (b) 1500
   (c) 1350
   (d) 1200

8. Two vehicles were sold at the same price with 20% and 25% profits respectively. If the total cost price was ₹ 1,96,000, what was the difference between the cost prices of the two vehicles ?

(a) ₹ 4,000

(b) ₹ 6,000

(c) ₹ 8,000

(d) ₹ 10,000

9. If P persons can do a piece of work in R days, then in how many days can (P + Q) persons do the same work ?

(a) $\frac{R}{P(P+Q)}$

(b) $\frac{P}{R(P+Q)}$

(c) $\frac{PR}{P+Q}$

(d) $\frac{QR}{P+Q}$

10. What is the HCF of 0·51, 0·153 and 1·7 ?

(a) 0·0017

(b) 0·017

(c) 0·17

(d) None of the above

11. The value of $\sqrt{2+\sqrt{3}} - \sqrt{2-\sqrt{3}}$ is

(a) $\sqrt{6}$

(b) $\sqrt{3}$

(c) $\sqrt{2}+\sqrt{3}$

(d) $\sqrt{2}$

12. The variable x varies directly as y and varies inversely as z. When x = 8, y = 12, then z = 3. What is x when z = 6 and y = 24 ?

(a) 2

(b) 4

(c) 8

(d) 12

13. P has 20% more money than Q and 10% less money than R. If their total capital is ₹ 5,300, then which one of the following statements is ***not*** correct ?

(a) P and Q's total capital is ₹ 3,300.

(b) Q and R's total capital is ₹ 3,500.

(c) Q has 25% less money than R.

(d) R has 25% more money than Q.

14. The value of a piece of diamond is proportional to the square of its weight. A piece of diamond worth ₹ 1,00,000 is cut into three pieces in the ratio of their weights 2 : 3 : 5. What is the total value of the three pieces ?

(a) ₹ 38,000

(b) ₹ 48,000

(c) ₹ 52,000

(d) ₹ 63,000

15. The numbers of rhinoceros, elephants and deer in a sanctuary are in the ratio 5 : 12 : 17. If the difference between the number of rhinoceros and the number of elephants is divisible by both 5 and 7, what is the minimum possible total number of the three types of animals ?

(a) 153

(b) 170

(c) 187

(d) More information is needed

8. दो वाहन समान कीमत पर क्रमशः 20% और 25% लाभ लेकर बेचे गए । यदि कुल लागत कीमत ₹ 1,96,000 थी, तो दोनों वाहनों की लागत कीमतों के बीच अंतर क्या था ?

(a) ₹ 4,000

(b) ₹ 6,000

(c) ₹ 8,000

(d) ₹ 10,000

9. यदि P व्यक्ति किसी कार्य को R दिनों में पूरा कर सकते हैं, तो (P + Q) व्यक्ति उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं ?

(a) $\frac{R}{P(P+Q)}$

(b) $\frac{P}{R(P+Q)}$

(c) $\frac{PR}{P+Q}$

(d) $\frac{QR}{P+Q}$

10. 0·51, 0·153 और 1·7 का महत्तम समापवर्तक (HCF) क्या है ?

(a) 0·0017

(b) 0·017

(c) 0·17

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

11. $\sqrt{2+\sqrt{3}} - \sqrt{2-\sqrt{3}}$ का मान क्या है ?

(a) $\sqrt{6}$

(b) $\sqrt{3}$

(c) $\sqrt{2}+\sqrt{3}$

(d) $\sqrt{2}$

12. कोई चर x, y के साथ-साथ अनुलोमतः विचरित होता है और z के साथ-साथ प्रतिलोमतः विचरित होता है । जब x = 8, y = 12 हो, तो z = 3 है । जब z = 6 और y = 24 हो, तो x क्या है ?

(a) 2

(b) 4

(c) 8

(d) 12

13. P के पास Q से 20% अधिक और R से 10% कम धन है । यदि उनकी कुल पूँजी ₹ 5,300 है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) P और Q की कुल पूँजी ₹ 3,300 है ।

(b) Q और R की कुल पूँजी ₹ 3,500 है ।

(c) Q के पास R से 25% कम धन है ।

(d) R के पास Q से 25% अधिक धन है ।

14. किसी हीरे के टुकड़े का मूल्य उसके भार के वर्ग के समानुपाती है । ₹ 1,00,000 मूल्य के उस हीरे के टुकड़े को 2 : 3 : 5 के भार अनुपात में तीन टुकड़ों में काटा गया है । इन तीनों टुकड़ों का कुल मूल्य क्या है ?

(a) ₹ 38,000

(b) ₹ 48,000

(c) ₹ 52,000

(d) ₹ 63,000

15. किसी अभयारण्य में गैंडों, हाथियों और हिरनों की संख्याएँ 5 : 12 : 17 के अनुपात में हैं । यदि गैंडों की संख्या और हाथियों की संख्या के बीच का अंतर 5 और 7 दोनों से विभाज्य है, तो तीनों प्रकार के पशुओं की न्यूनतम संभव कुल संख्या क्या है ?

(a) 153

(b) 170

(c) 187

(d) और अधिक सूचना की आवश्यकता है

16. An hour hand and a minute hand of a clock are at right angles several times during their motion. How many times are they at right angles during their motion in a day from 12:00 noon to midnight ?

(a) 20

(b) 12

(c) 11

(d) None of the above

17. If 8 : 20 : : 14 : X, then what is X equal to ?

(a) 35

(b) 30

(c) 28

(d) 20

18. In a certain code, the word 'RENOWNED' is written as 'DEENNORW'. How is 'INFORMATION' written in that code ?

(a) NONFIOIRAMT

(b) AFIIMNNOORT

(c) AFIMINNOORT

(d) AIFINMNOROT

19. What is the next term in the series of numbers 1, 2, 5, 12, 29, .... ?

(a) 84

(b) 70

(c) 62

(d) 56

20. In an examination, there were three subjects namely Physics, Chemistry and Mathematics. 20% students failed in Physics, 22% students failed in Chemistry and 16% students failed in Mathematics. Then the total number of students passing the whole examination must lie between

(a) 42% and 78%

(b) 42% and 84%

(c) 35% and 65%

(d) 35% and 60%

21. What are the missing letters in the following series of letters ?

bdabcdbdabcd_dabcdb_abcdbd_

(a) bcd

(b) bda

(c) dbc

(d) cda

22. If 'South-East' becomes 'North', 'North-East' becomes 'West' and so on, then what will 'West' become ?

(a) North-East

(b) North-West

(c) South-East

(d) South-West

23. If a two-digit number is K times the sum of its digits, then the number formed by interchanging the digits is how many times the sum of the digits ?

(a) 9 + K

(b) 10 – K

(c) 11 – K

(d) K – 1

**16.** किसी घड़ी की घंटे की सुई और मिनट की सुई अपनी गति के दौरान अनेक बार समकोण पर होती हैं । किसी दिन दोपहर 12:00 बजे से आधी रात तक अपनी गति के दौरान वे कितनी बार समकोण पर होती हैं ?

(a) 20

(b) 12

(c) 11

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** यदि 8 : 20 : : 14 : X है, तो X किसके बराबर है ?

(a) 35

(b) 30

(c) 28

(d) 20

**18.** किसी विशेष कूट में शब्द 'RENOWNED' को 'DEENNORW' लिखा जाता है । तो उसी कूट में 'INFORMATION' को किस प्रकार लिखा जाता है ?

(a) NONFIOIRAMT

(b) AFIIMNNOORT

(c) AFIMINNOORT

(d) AIFINMNOROT

**19.** संख्याओं 1, 2, 5, 12, 29, .... की श्रेणी में अगला पद क्या है ?

(a) 84

(b) 70

(c) 62

(d) 56

**20.** किसी परीक्षा में भौतिकी, रसायन और गणित तीन विषय नामित थे । भौतिकी में 20% छात्र अनुत्तीर्ण हुए, रसायन में 22% छात्र अनुत्तीर्ण हुए तथा गणित में 16% छात्र अनुत्तीर्ण हुए । इस पूर्ण परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले कुल छात्रों की संख्या निम्नलिखित में से किनके बीच ही होनी चाहिए ?

(a) 42% एवं 78%

(b) 42% एवं 84%

(c) 35% एवं 65%

(d) 35% एवं 60%

**21.** अक्षरों की निम्नलिखित श्रेणी में लुप्त अक्षर क्या हैं ?

bdabcdbdabcd_dabcdb_abcdbd_

(a) bcd

(b) bda

(c) dbc

(d) cda

**22.** यदि 'दक्षिण-पूर्व' बदल कर 'उत्तर' हो जाए, 'उत्तर-पूर्व' बदल कर 'पश्चिम' हो जाए, और ऐसे ही दिशाएँ बदलती जाएँ, तो 'पश्चिम' बदल कर क्या हो जाएगा ?

(a) उत्तर-पूर्व

(b) उत्तर-पश्चिम

(c) दक्षिण-पूर्व

(d) दक्षिण-पश्चिम

**23.** यदि कोई दो अंकों वाली संख्या, अपने अंकों के योगफल से K गुनी हो, तो अंकों को परस्पर बदलने पर बनने वाली संख्या, अंकों के योगफल का कितना गुना होगी ?

(a) 9 + K

(b) 10 – K

(c) 11 – K

(d) K – 1

**24.** What is the missing number 'X' in the following ?




(a) 10

(b) 8

(c) 7

(d) 6

**25.** Which one of the following coded diagrams illustrates the relationship among 'Languages', 'Hindi' and 'English' ?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

**26.** There are 6 points on a plane, out of which 3 points are collinear. How many triangles can be formed by joining them ?

(a) 18

(b) 19

(c) 20

(d) 27

**27.** What is the minimum number of colours required to fill the spaces in the following diagram without the adjacent cells having the same colour ?



(a) 3

(b) 4

(c) 5

(d) 6

**28.** What is the missing term in the following sequence ?

ACH, FAI, JYK, MWN, ______

(a) PVS

(b) OUR

(c) PTQ

(d) OTS

**29.** If 'MANGO' = 50 and 'ORANGE' = 60, then what is the value of 'PINEAPPLE' ?

(a) 84

(b) 85

(c) 90

(d) 94

**30.** A figure carrying certain digits is given. Assuming that the digits in each row follow a similar pattern, the missing digits X and Y respectively are

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 8 | X |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 4 | 6 | Y |

(a) 16, 8

(b) 49, 7

(c) 36, 4

(d) 25, 5

**24.** निम्नलिखित में लुप्त संख्या 'X' क्या है ?




(a) 10

(b) 8

(c) 7

(d) 6

**25.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कूट-आरेख 'भाषाएँ,' 'हिन्दी' और 'अंग्रेज़ी' के मध्य सम्बन्ध दर्शाता है ?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

**26.** किसी समतल पर 6 बिंदु हैं, जिनमें से 3 बिंदु संरेख हैं । उन्हें मिलाने पर कितने त्रिभुज बनाए जा सकते हैं ?

(a) 18

(b) 19

(c) 20

(d) 27

**27.** नीचे दिए गए आरेख में रिक्त स्थानों पर भरे जा सकने वाले रंगों की न्यूनतम संख्या क्या होगी, जबकि किन्हीं भी दो निकटवर्ती खानों में समान रंग न हों ?



(a) 3

(b) 4

(c) 5

(d) 6

**28.** निम्नलिखित अनुक्रम में कौन-सा पद लुप्त है ?

ACH, FAI, JYK, MWN, ______

(a) PVS

(b) OUR

(c) PTQ

(d) OTS

**29.** यदि 'MANGO' = 50 और 'ORANGE' = 60 हो, तो 'PINEAPPLE' का मान क्या है ?

(a) 84

(b) 85

(c) 90

(d) 94

**30.** निश्चित अंकों वाली एक आकृति दी गई है । यह मानते हुए कि प्रत्येक पंक्ति में अंक समान पैटर्न में हैं, तो लुप्त अंक X और Y क्रमशः क्या हैं ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 8 | X |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 4 | 6 | Y |

(a) 16, 8

(b) 49, 7

(c) 36, 4

(d) 25, 5

31. Consider the following statements :

1. River Pennar originates in Karnataka and flows through Andhra Pradesh.
2. River Vamsadhara originates in Andhra Pradesh and flows through Odisha.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

32. Which one of the following cities is geographically the nearest to Port Blair ?

(a) Kolkata
(b) Kuala Lumpur
(c) Singapore
(d) Yangon

33. The Changthang region of India is well known for the production of

(a) Bamboo handicrafts
(b) Cotton textiles
(c) Pashmina wool
(d) Tea

34. In which one of the following regions are the countries Kyrgyzstan and Uzbekistan located ?

(a) Central Asia
(b) Middle East
(c) North Africa
(d) South Asia

35. Which one of the following National Highways has its terminals in Tamil Nadu and Odisha ?

(a) NH 4
(b) NH 5
(c) NH 6
(d) NH 7

36. Which one of the following is considered a greenhouse gas in the context of global warming ?

(a) Carbon monoxide
(b) Carbon dioxide
(c) Hydrogen
(d) Oxygen

37. Consider the following animals :

1. Jaguar
2. Salt water crocodile
3. Snow leopard

Which of the above is/are naturally found in India ?

(a) 1 and 2 only
(b) 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

38. Which one of the following has the longest coastline ?

(a) Andhra Pradesh
(b) Gujarat
(c) Maharashtra
(d) Tamil Nadu

39. Consider the following pairs :

| | *Hills* | | *Located in* |
|---|---|---|---|
| 1. | Garo hills | — | Meghalaya |
| 2. | Mikir hills | — | Assam |
| 3. | Kaimur hills | — | Sikkim |

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1 and 2 only
(b) 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

**31.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. पेन्नार नदी कर्नाटक से आरंभ होती है और आंध्र प्रदेश से होकर बहती है ।
2. वंशधारा नदी आंध्र प्रदेश से आरंभ होती है और ओडिशा से होकर बहती है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**32.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक शहर पोर्ट ब्लेयर से भौगोलिक रूप से सबसे नज़दीक है ?

(a) कोलकाता
(b) कुआला लम्पुर
(c) सिंगापुर
(d) यांगोन

**33.** भारत का चांगथांग क्षेत्र किसके उत्पादन के लिए सुप्रसिद्ध है ?

(a) बाँस हस्तशिल्प
(b) सूती वस्त्र
(c) पशमीना ऊन
(d) चाय

**34.** निम्नलिखित में से कौन-से एक क्षेत्र में किरगिज़्तान और उज़्बेकिस्तान देश स्थित हैं ?

(a) मध्य एशिया
(b) मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट)
(c) उत्तरी अफ्रीका
(d) दक्षिणी एशिया

**35.** निम्नलिखित में से कौन-से एक राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतिम छोर तमिल नाडु और ओडिशा में हैं ?

(a) NH 4
(b) NH 5
(c) NH 6
(d) NH 7

**36.** भूमंडलीय तापन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सी एक, ग्रीनहाउस गैस मानी जाती है ?

(a) कार्बन मोनोक्साइड
(b) कार्बन डाइऑक्साइड
(c) हाइड्रोजन
(d) ऑक्सीजन

**37.** निम्नलिखित पशुओं पर विचार कीजिए :

1. जागुआर
2. खारे पानी का मगर
3. स्नो लेपर्ड

उपर्युक्त में से कौन-सा/से भारत में स्वाभाविक रूप से पाया जाता/पाए जाते है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**38.** निम्नलिखित में से किसकी सबसे लंबी तट-रेखा है ?

(a) आंध्र प्रदेश
(b) गुजरात
(c) महाराष्ट्र
(d) तमिल नाडु

**39.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *पहाड़ियाँ* | | *कहाँ स्थित हैं* |
|---|---|---|---|
| 1. | गारो पहाड़ियाँ | – | मेघालय |
| 2. | मिकिर पहाड़ियाँ | – | असम |
| 3. | कैमूर पहाड़ियाँ | – | सिक्किम |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

40. Consider the following pairs :

| *National Parks* | | *Located in* |
|---|---|---|
| 1. Great Himalayan National Park | — | Himachal Pradesh |
| 2. Hemis High Altitude National Park | — | Jammu & Kashmir |
| 3. Valley of Flowers National Park | — | Uttarakhand |

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1 and 2 only

(b) 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

41. Consider the following statements :

1. Only a member of the Rajya Sabha can be made the Chairman of the Rajya Sabha.

2. Only a member of the Lok Sabha can be made a Cabinet Minister.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

42. Which one of the following is the highest decision-making authority in India on development matters ?

(a) Union Cabinet

(b) Prime Minister's Office

(c) National Development Council

(d) None of the above

43. The Panchayati Raj is a

(a) Two-tier system

(b) Three-tier system

(c) Four-tier system

(d) Five-tier system

44. How many women Lok Sabha Speakers has India had so far ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

45. Consider the following statements :

1. The Judges of High Courts are appointed by the Governor of the State concerned.

2. The Speaker of the State Assembly is appointed by the Chief Minister of the State concerned.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**40.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| *राष्ट्रीय उद्यान (नेशनल पार्क)* | *कहाँ स्थित हैं* |
|---|---|
| 1. ग्रेट हिमालयन राष्ट्रीय उद्यान | – हिमाचल प्रदेश |
| 2. हेमिस उच्च तुंगता राष्ट्रीय उद्यान | – जम्मू-कश्मीर |
| 3. फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान | – उत्तराखण्ड |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**41.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. केवल राज्य सभा के किसी सदस्य को ही राज्य सभा का सभापति बनाया जा सकता है ।

2. केवल लोक सभा के किसी सदस्य को ही मंत्रिमण्डल सदस्य (कैबिनेट मिनिस्टर) बनाया जा सकता है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**42.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, भारत में विकास मामलों के लिए निर्णय लेने वाला उच्चतम प्राधिकरण (अथॉरिटी) है ?

(a) संघ का मंत्रिमण्डल

(b) प्रधान मंत्री का कार्यालय

(c) राष्ट्रीय विकास परिषद्

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** पंचायती राज एक

(a) द्वि-स्तरीय प्रणाली है

(b) त्रि-स्तरीय प्रणाली है

(c) चार-स्तरीय प्रणाली है

(d) पाँच-स्तरीय प्रणाली है

**44.** भारत में अब तक कितनी लोक सभा अध्यक्ष महिलाएँ हुई हैं ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

**45.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति सम्बन्धित राज्य के राज्यपाल द्वारा की जाती है ।

2. राज्य की विधान सभा के अध्यक्ष की नियुक्ति सम्बन्धित राज्य के मुख्य मंत्री द्वारा की जाती है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**46.** Consider the following statements :

1. The darker the skin, the more sunlight one needs to get the same amount of vitamin D as a fair-skinned person.
2. Sunscreen covered skin does not help in vitamin D synthesis even if exposed to sunlight.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**47.** Which one among the following is the poorest source of proteins as compared to the other three ?

(a) Black gram
(b) Fish
(c) Rice
(d) Soyabean

**48.** Consider the following snakes :

1. Common Krait
2. Russell's Viper
3. Rock Python

Which of the above is/are poisonous snakes ?

(a) 1 and 2 only
(b) 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

**49.** Consider the following statements :

1. Buckingham Canal runs parallel to the east coast of India.
2. Indira Gandhi Canal runs parallel to the west coast of India.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**50.** The Nobel Peace Prize winner (2014) from India is a/an

(a) Environmentalist
(b) Economist
(c) Rights activist
(d) Writer and theatre artist

**51.** The Bharat Ratna was conferred in February, 2014 on

(a) A journalist and a sportsman
(b) A scientist and a sportsman
(c) A scientist and a social activist
(d) A journalist and an educationist

**52.** Which one of the following is the oldest language with well known literary works ?

(a) Bengali
(b) Hindi
(c) Tamil
(d) Urdu

**46.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. गोरी-त्वचा वाले व्यक्ति की अपेक्षा किसी की जितनी अधिक काली त्वचा होगी, उसे विटामिन D की समान मात्रा पाने के लिए उतनी ही अधिक सूर्य की रोशनी की आवश्यकता होगी ।
2. सन-स्क्रीन से ढकी हुई त्वचा उस पर धूप पड़ने पर भी विटामिन D के संश्लेषण में सहायता नहीं करती ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**47.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, बाकी तीन की तुलना में सबसे कम प्रोटीन का स्रोत है ?

(a) काला चना (उड़द)

(b) मछली

(c) चावल

(d) सोयाबीन

**48.** निम्नलिखित साँपों पर विचार कीजिए :

1. सामान्य करैत
2. रसेल्स वाइपर
3. रॉक पाइथॉन

उपर्युक्त में से कौन-सा/से साँप जहरीला/जहरीले है /हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**49.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. बकिंघम नहर भारत के पूर्वी तट के समांतर चलती है ।
2. इंदिरा गाँधी नहर भारत के पश्चिमी तट के समांतर चलती है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**50.** भारत से नोबल शांति पुरस्कार (2014) का विजेता एक

(a) पर्यावरणवादी है

(b) अर्थशास्त्री है

(c) अधिकारों का सक्रियतावादी (राइट्स ऐक्टिविस्ट) है

(d) लेखक और थिएटर कलाकार है

**51.** फरवरी, 2014 में भारत रत्न किन्हें प्रदान किया गया था ?

(a) एक पत्रकार और एक खिलाड़ी को

(b) एक वैज्ञानिक और एक खिलाड़ी को

(c) एक वैज्ञानिक और एक सामाजिक सक्रियतावादी (ऐक्टिविस्ट) को

(d) एक पत्रकार और एक शिक्षाशास्त्री को

**52.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक वह सबसे पुरानी भाषा है जिसमें सुप्रसिद्ध साहित्यिक कार्य हैं ?

(a) बंगाली

(b) हिन्दी

(c) तमिल

(d) उर्दू

53. Which one of the following is a major producer of both coffee and iron ore ?

(a) Assam
(b) Chhattisgarh
(c) Gujarat
(d) Karnataka

54. Mercury is emitted as a pollutant by

(a) Coal based power plants
(b) Cold storage facilities
(c) Sugar, paper and jute mills
(d) Wineries

55. Integrated Test Range, where missiles are tested, is located at

(a) Bengaluru
(b) Chandipur
(c) Sriharikota
(d) Thiruvananthapuram

56. Who of the following is associated with the design of our National Flag ?

(a) Pingali Venkayya
(b) Potti Sreeramulu
(c) Tanguturi Prakasam Pantulu
(d) Veeresalingam Pantulu

57. National Song of India was composed by

(a) Aurobindo Ghosh
(b) Bankim Chandra Chatterjee
(c) Keshub Chandra Sen
(d) Rabindranath Tagore

58. With reference to the Union Government, consider the following statements :

1. Members of the Election Commission are appointed by the Chief Election Commissioner.
2. The Finance Commission is constituted by the President of India.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

59. Which one of the following is used for fruit ripening though it is considered very harmful to us ?

(a) Calcium carbide
(b) Calcium carbonate
(c) Sodium benzoate
(d) Sodium bicarbonate

60. When one is very obese, if it is mostly around the stomach than around the hips and buttocks, one is most likely at the risk of

1. Diabetes
2. High Blood Pressure
3. Osteoarthritis

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

53. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, कॉफी और लोह-अयस्क दोनों का प्रमुख उत्पादक है ?

(a) असम

(b) छत्तीसगढ़

(c) गुजरात

(d) कर्नाटक

54. पारा, प्रदूषक के रूप में, किससे उत्सर्जित होता है ?

(a) कोयला आधारित विद्युत् संयंत्रों से

(b) शीतसंग्रहण (कोल्ड स्टोरेज) सुविधाओं से

(c) चीनी, कागज़ और जूट कारखानों से

(d) शराब कारखानों (वाइनरी) से

55. एकीकृत परीक्षण परिसर, जहाँ मिसाइलों का परीक्षण किया जाता है, कहाँ पर स्थित है ?

(a) बैंगलूरू

(b) चाँदीपुर

(c) श्रीहरिकोटा

(d) तिरूवनंतपुरम्

56. निम्नलिखित में से कौन-सा हमारे राष्ट्र ध्वज के डिज़ाइन से संबद्ध है ?

(a) पिंगलि वेंकैया

(b) पोट्टि श्रीरामुलु

(c) टंगुटुरि प्रकाशम् पंतुलु

(d) वीरेशलिंगम् पंतुलु

57. भारत के राष्ट्र-गीत (नेशनल सॉन्ग) की रचना किसने की ?

(a) अरविंद घोष

(b) बंकिम चन्द्र चटर्जी

(c) केशव चन्द्र सेन

(d) रवींद्रनाथ टैगोर

58. संघ सरकार के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति मुख्य निर्वाचन आयुक्त करता है ।
2. वित्त आयोग भारत के राष्ट्रपति द्वारा गठित किया जाता है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

59. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, फलों को पकाने में प्रयुक्त होता है जबकि इसे हमारे लिए बहुत हानिकारक माना जाता है ?

(a) कैल्सियम कार्बाइड

(b) कैल्सियम कार्बोनेट

(c) सोडियम बेन्ज़ोएट

(d) सोडियम बाइकार्बोनेट

60. बहुत मोटे व्यक्ति में, यदि मोटापा कूल्हे और नितम्ब की अपेक्षा अधिकतर पेट के आसपास है, तो उसे किसका सबसे ज़्यादा ख़तरा है ?

1. मधुमेह (डाइबिटीज़)
2. उच्च रक्त दाब (हाई ब्लड प्रेशर)
3. अस्थिसंधिशोथ (ओस्टिओआर्थराइटिस)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

61. Who of the following is popularly known as Punjab Kesari ?

(a) Bhagat Singh

(b) Kartar Singh Sarabha

(c) Lala Lajpat Rai

(d) Madan Lal Dhingra

62. Chauri Chaura incident is associated with the suspension of

(a) Bardoli Satyagraha

(b) Civil Disobedience Movement

(c) Non-Cooperation Movement

(d) Quit India Movement

63. The Surat Session of the Indian National Congress in 1907 is well known for

(a) Launch of Swadeshi and Boycott Movement

(b) Separation of Congressmen into moderates and extremists

(c) The joint session of Indian National Congress and Muslim League

(d) Launch of Home Rule Movement

64. Who of the following is known as the Iron Man of India ?

(a) Bal Gangadhar Tilak

(b) Bipin Chandra Pal

(c) Gopal Krishna Gokhale

(d) Vallabhbhai Patel

65. Consider the following statements :

Annie Besant is associated with the

1. establishment of Central Hindu College.
2. launch of Home Rule League.
3. launch of Quit India Movement.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

66. Dandi March is associated with

(a) Civil Disobedience Movement

(b) Non-Cooperation Movement

(c) Quit India Movement

(d) Swadeshi and Boycott Movement

67. Who of the following was the President of the Constituent Assembly ?

(a) B.R. Ambedkar

(b) Jawaharlal Nehru

(c) Rajendra Prasad

(d) Vallabhbhai Patel

68. 'RuPay' is the name of a

(a) Debit Card

(b) Digital Currency

(c) Pension Scheme

(d) Post Office Savings Scheme

61. निम्नलिखित में से किसको सामान्यतया पंजाब केसरी कहा जाता है ?

(a) भगत सिंह

(b) कर्तार सिंह सराभा

(c) लाला लाजपत राय

(d) मदन लाल ढींगरा

62. चौरी-चौरा की घटना किसके स्थगन से संबद्ध है ?

(a) बारदोली सत्याग्रह

(b) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(c) असहयोग आंदोलन

(d) भारत छोड़ो आंदोलन

63. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का 1907 में हुआ सूरत अधिवेशन किसके लिए सुप्रसिद्ध है ?

(a) स्वदेशी और बहिष्कार आंदोलन के आरंभ के लिए

(b) काँग्रेसियों के नरम दल और गरम दल में विभाजन के लिए

(c) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस और मुस्लिम लीग के संयुक्त अधिवेशन के लिए

(d) होम रूल आंदोलन के आरंभ के लिए

64. निम्नलिखित में से किसको भारत का लौह पुरुष कहा जाता है ?

(a) बाल गंगाधर तिलक

(b) बिपिन चन्द्र पाल

(c) गोपाल कृष्ण गोखले

(d) वल्लभभाई पटेल

65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

एनी बेसैंट संबद्ध है

1. केन्द्रीय हिन्दू महाविद्यालय (सेंट्रल हिन्दू कॉलेज) की स्थापना से ।
2. होम रूल लीग के आरंभ से ।
3. भारत छोड़ो आंदोलन के आरंभ से ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

66. दांडी मार्च किससे संबद्ध है ?

(a) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(b) असहयोग आंदोलन

(c) भारत छोड़ो आंदोलन

(d) स्वदेशी और बहिष्कार आंदोलन

67. निम्नलिखित में से कौन संविधान सभा का अध्यक्ष था ?

(a) बी.आर. अम्बेडकर

(b) जवाहरलाल नेहरू

(c) राजेन्द्र प्रसाद

(d) वल्लभभाई पटेल

68. 'रूपे' (RuPay), किसका नाम है ?

(a) डेबिट कार्ड

(b) डिजिटल करेंसी

(c) पेंशन योजना

(d) डाकघर बचत योजना

69. With reference to Indian Defence, what is *Nirbhay* ?

(a) A pilot-less aircraft

(b) A nuclear submarine

(c) A radar system

(d) A cruise missile

70. Recently, there was a proposal to reintroduce an animal in India which became extinct in this country several decades ago. Which one of the following is the animal in question ?

(a) Cheetah

(b) Clouded leopard

(c) Double-humped camel

(d) Musk deer

71. A place called Mawsynram in India is well known for

(a) Pre-historic cave paintings

(b) Richest uranium deposits in the world

(c) Highest rainfall in India

(d) Production of geothermal energy

72. Consider the following places :

1. Ratnagiri
2. Sundarbans

Which of the above places is/are known for its/their mangroves ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

73. Which of the following is the richest source of Vitamin C ?

(a) Fish

(b) Guava

(c) Milk

(d) Yoghurt

74. How many States in India have a common border with Myanmar ?

(a) 2

(b) 3

(c) 4

(d) 5

75. Consider the following diseases noticed in India :

1. Dengue haemorrhagic fever
2. Japanese encephalitis
3. Tuberculosis

The causative organism of which of the above is a virus ?

(a) 1 and 2 only

(b) 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

69. भारतीय रक्षा के संदर्भ में, *निर्भय* क्या है ?

(a) एक चालकरहित वायुयान

(b) एक नाभिकीय पनडुब्बी

(c) एक रेडार प्रणाली

(d) एक क्रूज़ मिसाइल

70. हाल ही में, एक ऐसे पशु को, जो कई दशकों पहले इस देश से विलुप्त हो गया था, भारत में वापस लाने का प्रस्ताव आया । निम्नलिखित में से कौन-सा एक वह पशु है ?

(a) चीता

(b) क्लाउडेड लेपर्ड

(c) दोहरे-कूबड़ वाला ऊँट

(d) कस्तूरी मृग

71. भारत में एक स्थान जिसे मावसिनराम कहते हैं, किसके लिए सुप्रसिद्ध है ?

(a) प्रागैतिहासिक गुफा चित्रकला

(b) दुनिया में यूरेनियम के सर्वाधिक निक्षेप

(c) भारत में सबसे अधिक वर्षा

(d) भूतापीय ऊर्जा का उत्पादन

72. निम्नलिखित स्थानों पर विचार कीजिए :

1. रत्नागिरी

2. सुन्दरबन

उपर्युक्त में से कौन-सा/से स्थान अपने गरान (मैंग्रोव) के लिए जाना जाता है/जाने जाते हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

73. निम्नलिखित में से कौन-सा विटामिन C का भरपूर स्रोत है ?

(a) मछली

(b) अमरूद

(c) दूध

(d) दही

74. म्याँमार के साथ भारत के कितने राज्यों की साझी सीमा है ?

(a) 2

(b) 3

(c) 4

(d) 5

75. भारत में देखी गई निम्नलिखित बीमारियों पर विचार कीजिए :

1. डेंगू रक्तस्रावी बुखार

2. जापानी मस्तिष्कशोथ

3. यक्ष्मा (ट्यूबरकुलोसिस)

उपर्युक्त में से किसका/किनका कारक जीव विषाणु (वाइरस) है ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

## PART B

**76.** Under Section 93 of the CrPC 1973, a search warrant can be issued by

(a) any Court

(b) any Magistrate

(c) Officer in-charge of the Police Station

(d) All of the above

**77.** A Police Officer may without a warrant or order of a Magistrate, arrest any person

(a) who commits a cognizable offence in the presence of the Police Officer

(b) who is a proclaimed offender

(c) who is reasonably suspected of being a deserter from any of the Armed Forces of the Union

(d) All of the above

**78.** An unlawful assembly or any assembly of five or more persons likely to cause a disturbance of the public peace may be commanded to disperse by

(a) any Judicial or Metropolitan Magistrate

(b) any Judicial, Metropolitan or Executive Magistrate

(c) any Police Officer

(d) any Executive Magistrate or Officer in-charge of a Police Station or any Police Officer not below the rank of a Sub-Inspector

**79.** Under Section 164 of the CrPC, a confession can be recorded by

(a) Judicial Magistrate only

(b) Metropolitan Magistrate only

(c) any Judicial or Metropolitan Magistrate

(d) that Judicial or Metropolitan Magistrate only who has jurisdiction in the case

**80.** When a person is arrested and detained in police custody, and it appears that the investigation cannot be completed within 24 hours, the maximum period for which the accused can be remanded to police custody is

(a) 7 days

(b) 15 days

(c) 60 days

(d) 90 days

**81.** A person who has once been tried for an offence shall not be liable to be tried again for the same offence. This is incorporated in which one of the following Sections of the CrPC ?

(a) Section 164

(b) Section 255

(c) Section 300

(d) Section 319

**82.** In criminal trials, whenever the accused seeks the benefit of any exception, the onus is on him to prove the applicability of such exception

(a) to the satisfaction of the Judge

(b) on a preponderance of probability

(c) beyond reasonable doubt

(d) None of the above

## भाग B

76. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 93 के अधीन, तलाशी वारण्ट किसके द्वारा जारी किया जा सकता है ?

(a) किसी न्यायालय द्वारा

(b) किसी मजिस्ट्रेट द्वारा

(c) पुलिस थाना प्रभारी द्वारा

(d) उपर्युक्त सभी के द्वारा

77. कोई पुलिस अधिकारी बिना वारण्ट, या मजिस्ट्रेट के आदेश के बिना, किसी ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकता है

(a) जो उस पुलिस अधिकारी की उपस्थिति में संज्ञेय अपराध करता है

(b) जो एक उद्घोषित अपराधी है

(c) जिस पर संघ के सशस्त्र बलों में से किसी से भगोड़ा (डेज़र्टर) होने का उचित सन्देह है

(d) उपर्युक्त सभी

78. किसी विधिविरुद्ध जमाव को, या पाँच या अधिक व्यक्तियों के किसी ऐसे जमाव को, जिससे लोक शान्ति भंग होने की संभावना है, तितर-बितर होने का समादेश कौन दे सकता है ?

(a) कोई न्यायिक या मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट

(b) कोई न्यायिक, मेट्रोपोलिटन या कार्यपालक मजिस्ट्रेट

(c) कोई पुलिस अधिकारी

(d) कोई कार्यपालक मजिस्ट्रेट या पुलिस थाने का प्रभारी या कोई पुलिस अधिकारी जो उपनिरीक्षक के रैंक से नीचे का न हो

79. दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के अधीन, किसी इकबालिया बयान को कौन अभिलिखित कर सकता है ?

(a) केवल न्यायिक मजिस्ट्रेट

(b) केवल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट

(c) कोई न्यायिक या मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट

(d) केवल वह न्यायिक या मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट जिसकी उस मामले में अधिकारिता हो

80. जब कोई व्यक्ति गिरफ्तार किया जाता है और पुलिस अभिरक्षा में निरुद्ध है, और यह प्रतीत होता हो कि अन्वेषण चौबीस घंटे में पूरा नहीं किया जा सकता है, तो अभियुक्त को अधिकतम कितनी अवधि के लिए पुलिस अभिरक्षा में रखा जा सकता है ?

(a) 7 दिन

(b) 15 दिन

(c) 60 दिन

(d) 90 दिन

81. जिस व्यक्ति का किसी अपराध के लिए एक बार विचारण किया जा चुका है वह उसी अपराध के लिए फिर से विचारण का भागी नहीं होगा । यह दण्ड प्रक्रिया संहिता की निम्नलिखित में से किस एक धारा में समाहित किया गया है ?

(a) धारा 164

(b) धारा 255

(c) धारा 300

(d) धारा 319

82. किसी दांडिक विचारण में, जब कभी भी अभियुक्त किसी अपवाद का लाभ माँग रहा हो, तो उस पर ही अपवाद की उपयुक्तता को साबित करने का भार होगा

(a) न्यायाधीश का समाधान होने तक

(b) अधिसंभाव्यता की प्रबलता तक

(c) युक्तियुक्त शंका से परे

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

83. Presumption as to abetment of suicide by a married woman within a period of seven years from the date of her marriage can be raised under which one of the Sections of the Indian Evidence Act, 1872 ?

(a) Section 113

(b) Section 113 A

(c) Section 113 B

(d) Section 114 A

84. Contents of a document can be proved by

(a) primary or secondary evidence

(b) examining a witness who has not seen the document

(c) taking extraneous evidence into consideration

(d) without any evidence

85. When a victim making a dying declaration survives, the said dying declaration

(a) does not remain relevant

(b) does remain relevant

(c) may remain relevant at the discretion of the Court

(d) may remain relevant at the discretion of the accused person

86. The Chairman and Members of the National Human Rights Commission are appointed by the

(a) Central Government

(b) Prime Minister in consultation with the Committee prescribed for this purpose

(c) President in consultation with the Committee prescribed for this purpose

(d) Chief Justice of India

87. International Bill of Rights is said to consist of

(a) Universal Declaration of Human Rights

(b) International Covenant on Civil and Political Rights

(c) International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights

(d) All of the above

88. What is the status of European Commission of Human Rights at present ?

(a) It has been abolished and does not exist

(b) It exists and has investigative powers

(c) It exists but its working has been suspended at present

(d) It exists but has no power to investigate

